हरिभूमि

# विंध्य भूमि

सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना


जबलपुर, बुधवार 12 मार्च 2025

login : www.haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### होली मनाने चित्रकूट आए श्रद्धालु की मंदाकिनी नदी में डूबने से मौत



**सतना।** बिहार के नालंदा जिले से होली का त्योहार मनाने चित्रकूट आए श्रद्धालु की मंदाकिनी नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रामऔतार 60 वर्ष के रूप में हुई है। वह जहांगीरपुर के रहने वाले थे।पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया और मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि मृतक रामऔतार हर साल की तरह इस बार भी अपने गांव के लोगों के साथ चित्रकूट आए थे। सोमवार को वह भैरोपागा स्थित मंदाकिनी नदी घाट पर स्नान कर रहे थे। इसी दौरान वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। साथ आए लोगों ने जब उन्हें नदी में तैरता देखा तो सभी के होश उड़ गए।स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस ने शव को नदी से निकलवाया और पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के तीन पुत्र हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद से उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी परिजन चित्रकूट आए जिन्हें शव सुपुर्द कर दिया गया।k

### धवारी स्टेडियम के पास युवक को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने धवारी स्टेडियम के पास हुई फायरिंग के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक भी जब्त कर ली है। सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि घटना 8 मार्च की है। खूंथी निवासी शाहनवाज खान धवारी स्टेडियम की दुकान नंबर 1 के सामने अपने दोस्तों के साथ खड़ा था। इसी दौरान आरोपी अपने एक साथी के साथ बुलेट पर वहां पहुंचा। उसने पिस्टल से शाहनवाज पर फायर कर दिया। गोली शाहनवाज की पीठ और पेट के बीच लगी। गंभीर हालत में उन्हें पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। बाद में रीवा रेफर कर दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह जवाहर नगर में अपने मामा के यहां रहता है। कुछ दिन पहले शाहनवाज के घर के सामने से बुलेट पर निकलने को लेकर दोनों में गाली-गलौज हुई थी। इसी रंजिश में उसने फायरिंग की।

### पशु डॉक्टर की लापरवाही से भैंस की मौत, मुआवजा की मांग

**मैहर।** मैहर पशु चिकित्सालय का भगवान ही मालिक है क्यों कि यहां पर पदस्थ पशु चिकित्सक के द्वारा गांवों में पशु वाहन के चालक और परिचालक को भेज कर उपचार कराया जाता है जिससे पशुओं की मौत हो जाती है और खामियाजा पशु पालक को भुगतना पड़ता है। ऐसे ही मामलों के शिकार बने घीसल प्रसाद जायसवाल पिता मेरखू प्रसाद जायसवाल निवासी ग्राम ककरा थाना बदेरा मैहर हो गए है जिसमें उनकी भैंस की मौत पशु चिकित्सालय के डॉक्टर की लापरवाही से हो गई है। जिस भैंस की मौत हुई है उसका दूध बेंच कर पशुपालक अपने परिवार का पेट पाल रहा था। उक्त जानकारी पशुपालक घीसल प्रसाद जायसवाल ने जिला कलेक्टर मैहर को दिए गए आवेदन पत्र में देते हुए बताया गया है कि मैंने काली चरण गर्ग ग्राम ककरा से एक नग मुर्रा भैंस 70,000 सत्तर हजार रुपए में 1 जुलाई 2024 को खरीदी थी। 6 फरवरी 2025 को बीमार हो गई जिस पर मैंने डॉयल नंबर 1962 को सूचना दी थी जिस पर किसी डॉक्टर का मोबाइल नंबर 7987068062 से फोन किया गया कि शाम को गाड़ी आएगी । बताया गया कि मध्य प्रदेश पशु चलित गाड़ी 7-2-2025 को आई। गाड़ी में फर्जी डॉक्टर बन कर आए।

### सोनवारी में अवैध प्लॉटिंग

**मैहर।** मैहर की ग्राम पंचायत सोनवारी में नियमों को ताक पर रखकर कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाए जा रहे हैं कि बिना भूमि रूपांतरण (डायवर्सन) के ही प्लॉट बेचे जा रहे हैं जिससे पंचायत के राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि बुनियादी सुविधाओं (सड़क,नाली, बिजली, पानी) की कोई व्यवस्था नहीं है फिर भी यह गोरखधंधा बेरोकटोक जारी है।

# पेट्रोल पंप में डकैती के पहले पांच गिरफ्तार, हथियार जब्त



**सतना।**

सभापुर कोतवाली पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक एक आरोपी भागने में सफल हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 11 मार्च को थाना प्रभारी शंकर द्विवेदी को गश्त के दौरान गश्त मुखबिर कि सूचना मिली की कुछ बदमाश खतरनाक हथियारों से लैस होकर मोटरसाइकल व पिकअप साथ लेकर क्षेत्र में घूम रहे हैं व किसी बड़ी बारदात की फिराक में है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर आस पास के थाने जैतवारा, कोटर, चोकी बाबूपुर से बल बुलाकर बदमाशों की पता तलाश की गईं और स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया गया। जिनकी सूचना की मदद से नगीरा के पास घेराबंदी कर पांच आरोपियों को पिकअप मोटरसाइकल एक रिवाल्वर छः राउण्ड की व राड डंडे के साथ पकड़ा गया।पूछताछ पर आरोपीगणों ने बताया की वे लोग रात में पिकअप व मोटरसाइकल लेकर भैंस बकरियों की चोरी करते हैं और आज रात बडे फायदे के लिये पेट्रोल पंप में डकैती डालने की तैयारी से आये हैं।बदमाशों ने बताया की पहले मोटरसाइकल से वे लोग रेकी करते थे और काम पूरा होने पर मोटरसाइकल भी पिकअप में रखकर उसी में बैठकर भाग जाते थे। आरोपीगणों से मौके पर मिले हथियार पिकअप बाहन क्र.यूपी 90 टीए 6058, मोटर साइकल क्रमांक एमपी 19-71865 को जप्त किया गया व आरोपीगणों के साथ में एक अन्य आरोपी जो पिकअप का मालिक है मौके से पिकअप से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। आरोपीगणों के विरुद्ध थाना सभापुर मे अप.क्र.60/25 धारा धारा 310 (4) 310 (5),313 बी.एन.एस 25, 27 आर्म्स एक्ट 11/13 एडी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय पेश किया गया है। पूछताछ पर आरोपीगणों ने यह भी बताया है की इसके पूर्व इन्ही साधनों को साथ लेकर ये रात्री में निकलते थे व मझगवां,जैतवारा,कोटर, नागौद,सभापुर चौकी बाबूपुर थाना क्षेत्रों मे भैंस व बकरी चोरी करते थे और पिकअप में लादकर बेच देते थे इस संबंध में संबंधित धानो को अवगत कराया गया है और आरोपीगणों से विस्तृत पूछताछ कर कई अन्य वारदातो का खुलासा होगा।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

राकेश यादव पिता राम प्रसन्न यादव उम्र 26 वर्ष निवासी सोनवर्षा धाना धारकुंडी,रजोल उर्फ रज्जू साहू पिता शिवलाल साहू उम्र 23 वर्ष निवासी अमहा (गुप्त गोदावरी) धाना नयागांव चित्रकूट,विकाश यादव पिता महेन्द्र यादव उम्र 22 वर्ष निवासी नालमऊ थाना सभापुर,अमन यादव पिता दयाराम यादव उम्र 19 वर्ष निवासी मालमऊ थाना सभापुर और शिब्बू यादव पिता राज कुमार यादव उम्र 26 वर्ष निवासी हिरनिया टोला बेलहटा थाना कोलगवां सतना शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से एक रिवाल्वर छ राउण्ड का एक पिकअप वाहन,पांच मोबाइल फोन पांच नग मोबाइल फोन जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक शंखधर द्विवेदी उपनिरीक्षक अजित सिंह,सउनि अरबिंद सिंह सेंगर,सउनि प्रभुनाथ तिवारी दानबहादुर सिंह,रामबहादुर साकेत जान्हवीदत्त द्विवेदी, शहंशाह खान,उपेंद्र सिंह,इष्टदेव दीक्षित, प्रहलाद सिंह अमोद शर्मा,विकाश,राकेश कश्यप थाना कोटर से अभय सिंह,धीरेन्द्र किनार व सायबर टीम शामिल रही।

## आयकर विभाग ने करोड़ों की टैक्स चोरी पकड़ी

# सोमानी ग्रुप के मॉल का वैल्यूएशन करा रहा विभाग

### सतना में एक होटल और दो घरों का भी कराया जा रहा है वैल्यूएशन

सतना। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम ने करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी है। यहां पर पिछले मंगलवार को पांच बड़े कारोबारी के ठिकाने पर छापामार कार्रवाई की गई थी जो 5 दिन तक चलती रही। आयकर डिपार्टमेंट सोमानी ग्रुप के माल का वैल्यूएशन भी कर रहा है। समझा जाता है कि आगे भी टैक्स की चोरी पकड़ी जा सकती है। गौरतलब है कि पिछले मंगलवार को आयकर डिपार्टमेंट की 50 चार पहिया गाड़ियां सतना पहुंची थी जिसमें शादी का और ट्रेवलिंग एजेंसी का स्टीकर लगा हुआ था। प्राथमिक तौर पर पता चला है कि आयकर विभाग ने 200 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी है। विभाग ने प्रदेश के पांच बड़े कारोबारियों के यहां 5 दिन चली कार्रवाई के बाद ये खुलासा किया है। ये सभी कारोबारी बिजनेस के चलते आपस में जुड़े थे। इनके यहां से 6.50 करोड़ से ज्यादा की ज्वेलरी और कैश जब्त किया गया है।आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग ने 4 मार्च को सतना,जबलपुर, जगदलपुर,रायपुर और दिल्ली समेत पांच शहरों में छापे मारे थे। लगभग 44 ठिकानों पर 5 दिन तक जांच चली है। नरेश गोयल,सुनील सेनानी,अतुल मेहरोत्रा,संतोष गुप्ता और सीताराम अग्रवाल के यहां छापे की कार्रवाई की गई थी है। इस कार्रवाई में सोमानी ग्रुप के मॉल का वैल्यूएशन कराया जा रहा है। बाकी कारोबारियों के एक होटल और दो घरों का भी वैल्यूएशन कराया जा रहा है। अगर इन प्रॉपर्टीज की वैल्यू कारोबारियों द्वारा बताई गई राशि से अधिक आई तो टैक्स चोरी का आंकड़ा और बढ़ सकता है। महानिदेशक सतीश गोयल के निर्देश पर प्रधान आयकर निदेशक अमरेश सिंह,संयुक्त निदेशक जीके शर्मा की टीमों ने जांच की। यहां कैश में काफी लेनदेन मिला। 50 लाख रुपए के फ्लैट में 25 लाख रुपए का कैश भुगतान किया गया। इसके अलावा सिविल कांट्रेक्टर मेहरोत्रा के यहां से भारी मात्रा में बोगस बिल जब्त किए गए। इनके यहां कर्मचारी के नाम पर फर्म बनाकर बोगस बिल तैयार किए जा रहे थे। अन्य कारोबारी रामा ग्रुप के यहां से भी स्टील के काम में बोगस परचेजिंग का खुलासा हुआ है। इन ग्रुपों के यहां हुई कार्रवाई में इन्वेस्टमेंट के भी डाक्यूमेंट्स मिले हैं, जिसकी पड़ताल की जा रही है। जय स्तंभ चौक पर मेहरोत्रा बिल्डकॉन के दफ्तर पर भी दबिश दी गई।

### सीढ़ी लगाकर घर में घुसे थे अफसर

जांच के दौरान सीताराम अग्रवाल के यहां पहुंची टीम को घर में घुसने नहीं दिया गया। इसके बाद टीम गेट पर सीढ़ी लगाकर अंदर घुसी थी। इसी कार्रवाई के दौरान कांट्रैक्टर अतुल मेहरोत्रा को बीमार होने पर अस्पताल ले जाया गया था। जांच टीम को इनके ठिकानों से भारी मात्रा में ज्वैलरी मिली थी। जिसमें से लिमिट के दायरे में आने वाली ज्वैलरी को छोड़ बाकी को जब्त किया गया है।

# 88 विघुत कनेक्शन के मीटर निकाले गए

## उपभोक्ताओं में हड़कंप, कार्रवाई जारी



**सतना।**

शहर में कुल 21 टीमों में 104 अधिकारी कर्मचारियों ने सुबह 8.30 बजे से काम शुरू किया। सवेरे पुराना पावर हाउस से सभी टीमों को सूची दी गई। एक एक कनेक्शन की जीपीएस लोकेशन सहित सूची आई टी टीम ने कल रात तक तैयार की और टीमों को प्रदान की गई। हर सूची में 30-30 नाम थे,जिनके कनेक्शन काटे जाने थे। 7 टीमें लीगल सेल प्रभारी ए ई दिनेश पाल को दी गई और 3 टीमें सहायक अभियंता राजस्व अवनीश पांडे की नेतृत्व में टाऊन, टिकुरिया टोला वितरण केंद्र में,3 टीम सहायक अभियंता आरईएस राम विनीत तिवारी के अधीनस्थ प्रेमनगर, पतेरी, धवारी, अमौधा, खूंथी, जवाहरनगर और महादेवा क्षेत्र में,3 टीम कुलदीप मिश्रा एई के निर्देशन पर मुख्तयारगंज,भरहुत नगर, बरदाडीह, झंकार टाकीज क्षेत्र में,5 टीमें एई विद्यासागर सिंह के निर्देशन पर कोलगवां,नई बस्ती, उतेली, ट्रांसपोर्टनगर, कृपालपुर, घूरडांग, सिंधी कैंप में लगाई गई है। विजिलेंस की रिकवरी जमा न करने पर पर कनेक्शन काटे गए और मीटर निकाले गये। आज पन्ना रोड क्षेत्र में सुनील गुप्ता की 1.5 लाख रिकवरी पर कनेक्शन काटा गया। इसी प्रकार आर एस कुशवाहा का 2.5 लाख रिकवरी पर ट्रांसफार्मर बंद किया गया। इसी प्रकार राजीव सोई के 1 लाख रिकवरी पर कनेक्शन काटा गया। आज कुल 88 कनेक्शन 47.3 लाख के कनेक्शन काटे गए। इसी प्रकार बकाया राशि पर आज 448 कनेक्शन काटे गए जिसमें 25.08 लाख राशि है।आज कोलगवां में 145 कनेक्शन 6.13 लाख,मुख्तयारगंज 113 कनेक्शन 5.90 लाख,टाऊन में 93 कनेक्शन 4.78 लाख,टिकुरिया टोला में 102 कनेक्शन 4.99 लाख और आरईएस में 147 कनेक्शन 7.25 लाख के काटे गए। इस तरह की कार्रवाई से उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा है। जिनके 500 का भी बिल बाकी है उनके कनेक्शन भी काटे गए है। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता पी के मिश्रा ने ग्रामीण की भी पूरी ताकत शहर में लगा दी है।

## चित्रकूट में पत्रकार की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

# पत्रकारों ने धरना दिया, एक करोड़ मुआवजा और नौकरी की मांग

**सतना।**



चित्रकूट में सीतापुर के महोली कस्बे के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी की हत्या के विरोध में चित्रकूट के पत्रकारों ने धरना देकर प्रदर्शन किया। चित्रकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि इस घटना से जिले के सभी पत्रकार शोक में हैं। मृतक पत्रकार ने कुछ दिन पहले धान खरीद में अनियमितता की खबरें प्रकाशित की थीं। इसी के चलते शनिवार को दोपहर तीन बजे बाइक और थार में सवार बदमाशों ने उनका पीछा किया। सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के हेमपुर रेलवे क्रासिंग के पास बदमाशों ने पहले उनकी बाइक को टक्कर मारी। फिर गोली मारकर हत्या कर दी। परिजनों के अनुसार, मृतक को 10 दिन पहले जान से मारने की धमकी मिली थी। पत्रकारों ने प्रेस क्लब से जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। सदर विधायक अनिल प्रधान,सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव और भाकपा के जिला सचिव अमित यादव भी धरने में शामिल हुए। सभी ने प्रदेश सरकार और सीतापुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

पत्रकारों ने हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी,मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग की है। पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह और अपर जिलाधिकारी राजेश प्रसाद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि मांगें न मानी गईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए और दिवंगत नेता लक्ष्मी यादव के घर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

**सतना।**





मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को सतना जिले के संक्षिप्त प्रवास पर एयरपोर्ट पहुंचे। जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। सतना जिले के एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का स्वागत सांसद गणेश सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। इस अवसर पर विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार,नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी,जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय,पूर्व महापौर ममता पाण्डेय,बालेन्द्र गौतम,सतीश शर्मा,कलेक्टर सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रवास के दौरान सांसद गणेश सिंह के सुपुत्र विकल्प सिंह के विवाहोत्सव उपरांत आशीर्वाद समारोह में शामिल होकर नव दम्पत्ति विकल्प और सोनम को आशीर्वाद दिया। स्मार्ट सिटी के नेक्टर झील में आयोजित आशीर्वाद समारोह में विकास एवं आवास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजय वर्गीय ने भी नव युगल को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गढिया टोला बगहा स्थित पूर्व विधायक उषा चौधरी के निवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने उनकी पुत्री के विवाहोत्सव के अवसर पर दम्पत्ति को आशीर्वाद प्रदान किया।

### मुख्यमंत्री ने दी लक्ष्मी यादव को श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वरिष्ठ समाजसेवी एवं म.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य स्व.लक्ष्मी यादव के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की और शोक संतृप्त परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजय वर्गीय ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व.लक्ष्मी यादव ने पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ अपना जीवन समाज सेवा में लगाया। इसके साथ ही वह जल योग के माध्यम से शरीर की दक्षता के संबंध में भी ख्याल रखते थे। उनका देहवासान अत्यंत दुखद है। इस दुख की घडी में हम सब शोकाकुल परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से उनकी पवित्र आत्मा की शांति के लिए कामना की।

## खबर संक्षेप

### सात दिवसीय राम धुन का हुआ समापन, सिद्ध स्थान हारसा बागोहा में भव्य भंडारे का हुआ आयोजन



**पन्ना।** जिले के हरसा वगोहा ग्राम में सिद्ध महात्मा ग्रहस्त संत के द्वारा लगभग 25 से 30 वर्षों से अखंड रामधन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें उनके सभी शिष्यगण और भक्तजन बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 4 मार्च 2025 से साथ दिवसीय अखंड रामधन का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त रामधन प्रेमी भक्तिजनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आज दिनांक 11 मार्च रामधन का समापन उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पन्ना छतरपुर जिले से बड़ी संख्या में सिद्ध स्थान से जुड़े हुए भक्तजन गण शामिल हुए।भण्डारे मे पूर्व विधायक नाती राजा खजुराहो एवं पन्ना जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, अंका रिछारिया, सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में राजनेता एवं व्यापारी गण शामिल होकर धर्म लाभ उठाया है।

### जनसुनवाई में हुई 28 आवेदनों पर कार्यवाही



**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 28 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम द्वारा उपस्थितजनों की समस्याएं सुनी गईं। जिला मुख्यालय के अलावा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

मोबाईल भी मिलने की खबर चर्चा में आखिर अवैध कारोबार पर विराम कैसे लगेगा

# वन विभाग ने सागौन की सिल्लियों के साथ जब्त की तवेरा, वहीं गाड़ी से गायब हुआ तस्कर

**पन्ना।** नगर के पोस्ट ऑफिस के पास दिनांक 11 मार्च 2025 को प्रातः 4:30 बजे मुखबिर की सूचना पर वन स्टाफ द्वारा अजयगढ़ पन्ना रोड पर पोस्ट ऑफिस के पास टवेरा वाहन डच्35ब2096 को आते देख उसका पीछा किया और धाम मोहल्ला में प्राणनाथ मन्दिर के सामने टवेरा वाहन द्वारा रिहायशी लोगों की 2 दोपहिया वाहनों को टक्कर मारकर आरोपी टवेरा वाहन छोड़कर भाग गए। तत्काल पुलिस को सूचना देकर टवेरा वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें सागौन लकड़ी 4 नग लगभग 0.277 घ.मी. रखी पाई गई। जिसके पश्चात टवेरा वाहन और सागौन लकड़ी को जप्त कर वन अपराध प्रकरण 44548/13 दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी विश्रामगंज नितिन राजौरिया, परिक्षेत्र सहायक विश्रामगंज महरूब खान, वनरक्षक संदीप सिंह चौहान, अमान सिंह, चंद्रपाल प्रजापति, अर्पित चौरसिया, सुरक्षा श्रमिक चंद्रपाल और कल्लू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सवाल यह उठता है कि जिला मुख्यालय में ही जहां इस टबेरा गाडी से पोल खुलती है किस तरह से अवैध कारोबार नगर में सागौन की लकड़ी को लेकर किया जाता है वन विभाग क्या इस पर विराम लगाने में कामयाबी की राह कब तय कर पायेगा। यहां यह भी पोल खुल गई आखिरकार वन रक्षक वन वीट में वीटगार्ड से लेकर डिप्टी रेंजर वन परिक्षेत्राधिकारी क्या वनों की सुरक्षा को लेकर अपनी जिम्मेदारी को भी याद करेगें आखिर कैसे जंगल से लकड़ी कटकर सिल्ली बन जाती है वहीं गाड़ियों में किस तरह से व्यापार के रूप में अवैध कारोबार संचालित होता है। यह इससे साफ जाहिर होता है अब यह तो वन विभाग के जिम्मेदार ही जाने आखिरकार जो हालात आम जनता के सामने आये यह तो विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खोलने जैसे हालात है किस तरह से अवैध कारोबार करने वाले फलफूल रहे हैं। यह कार्यवाही जरूर चर्चा में है।




### सागौन का अवैध परिवहन करते दो व्यक्ति पकड़े गए



**अजयगढ़-** पन्ना जिले के उत्तर वनमंडल अंर्गक्त धरमपुर वन परिक्षेत्र में रेंजर वैभव सिंह चंदेल व उनके सहयोगी वन कर्मियों द्वारा सागौन की अवैध कटाई पर कड़ाई से नजर रखी जा रही थी।जिसके तहत लगातार वन कर्मियों के द्वारा गस्त की जा रही थी।इसी के तहत आज सुबह वन गस्त के दौरान वन परिक्षेत्र धरमपुर अंर्गक्त बीट मैहाबा में मोटरसाइकिल से अवैध परिवहन करते हुए 2 व्यक्तियों लक्ष्मण सिंह पिता रामकिशोर लोध व कल्लू सिंह पिता चंदन सिंह निवाशी धरमपुर को 4 नग सागौन लकड़ी लगभग 0.263 घनमीटर सागौन लकड़ी सहित जप्त किया गया।इसके उपरांत वरिस्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 44425/02 दिनांक 11 मार्च को पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।उक्त कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी वैभव सिंह चंदेल,सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी राजाराम कोंदर,बीटगार्ड मनीष शुक्ला,अर्पित रूसिया,रामखगेश पटेल,अरपत सिंह, भद्देलाल मरावी सहित धरमपुर वन परिक्षेत्र के कई कर्मचारी सम्मलित रहे।

## भारत निर्वाचन आयोग, चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल 2025 तक मांगे सुझाव



**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल, 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है। चुनाव प्रकिया से संबंधित 28 हितधारक हैं, जिसमें राजनीतिक दल एक प्रमुख हितधारक है। जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता दी गई है। आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 चुनाव संचालन नियम, 1961 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## शिकायतों पर फोकस, विकास को लेकर विभागीय दास्तायें सपनों में

जिले में सीएम हेल्प लाईन, जनसुनवाई आदि की शिकायतों के निराकरण पर ही जोर, विकास को लेकर अब कब होगें सपने साकार



**पन्ना।** जिस तरह से प्रशासन के द्वारा इस समय मात्र शिकायतों के निराकरण को लेकर ही फोकस किया जा रहा है इससे साफ जाहिर होता है कि साकारात्मक सोच के साथ विकास की दिशा तय करने को लेकर विभाग प्रमुख अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन किन हालातों में कर पायेगें। वहीं जिले के हालात वैसे भी इस समय प्रदेश की राजनीति भी कहीं न कहीं उपेक्षा जैसे बने हुए है। जिसके चलते दूरगामी विकास को लेकर जहां जो उम्मीदें थी वैसे भी सपनों में बनी हुई है। पड़ोसी जिलों की तुलना में पन्ना जिले को लेकर हालात अजीबो गरीब कह सकते है। कहने को तो जिले से भाजपा सरकार को तीनों विधानसभाओं से जहां सफलता बाखूबी मिली पर विकास को लेकर पन्ना जिले के लिए इस समय कहीं न कहीं यह कठिन दौर माना जा रहा है। अन्य जिलो में जहां जनप्रतिनिधि अपने जिलों को लेकर फोकस निश्चितौर पर विकास के लिए कर रहे है वहीं इस जिले से इस बार मंत्री पद नसीब न होना यह भी साफ नजर आ रहा हैं जिसके चलते जनप्रतिनिधि भी कहीं न कहीं अपनी विधानसभाओं तक सीमित बने हुए हैं साथ ही प्रशासन की बात करें तो शिकायतों पर ही उलझे रहने के हालात है। इन परिस्थितियों में विकास की उम्मीदें इस जिले में अब सपनों में ही खोई दुनिया की तरह माना जा रहा है। पर्यटन को लेकर जहां आपार संभावनायें इस जिले में प्रकृति प्रदत्त मानी जाती है पर जस के तस हालात बने हुए है। कहने तो बृहस्पति कुण्ड को लेकर जरूर विकास की दिशा तय की जा रही है। अब सपने पूरी कब होगें यह भी आगे ही जाना जायेगा। वहीं यहां का प्रमुख पहचान जो हीरे से है हीरे का कारोबार दम तोड़ रहा है। क्योंकि विभाग के हालात से ही सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। किस तरह से इस विभाग को चलाया जा रहा है। वहीं बहुमूल्य रत्न हीरा जो इस जिले की पहचान को लेकर समूचे प्रदेश व देश को लेकर कह सकते है पर हीरे की सुरक्षा से लेकर हीरे के कारोबार में ही पिछले वक्त पर गौर करें तो सायद वह अच्छा कह सकते है वर्तमान समय में जहां न तो विभाग में पदस्थापनाओं के मान से स्टाप की नियुक्ति वहीं विगत कई वर्षों से विभाग प्रमुख ही दूसरे विभाग खनिज विभाग के सहारे चलाया जा रहा है। साथ ही राजस्व भूमि में कितनी खदाने संचालित है वन भूमि व राजस्व का विवाद हीरे के लिए भी कहीं न कहीं समस्याओ के रूप में ही बना हुआ है। दूसरे व्यवसाय की बात करें तो पत्थर का उद्योग पूरी तरह से दम तोड़ने जैसे हालात में जा रहा है। सपनों में विकास की दिशा जरूर बनी हुई है जल निगम व पीएचई के माध्यम से जहां हर घर जल नल से पहुंचाने के लिए नारा तो दिया गया पर यह पूरा कब होगा यहां यह भी सपना बना हुआ है भले ही विभाग आलीसान होटल में अपनी तस्वीर झांकियों के रूप में प्रदर्शित करने की कावयत करें पर सच्चाई तो कोसों दूर है आखिरकार वह समय कब आयेगा जब हर घर में नल से जल मिलने लगेगा। वहीं बात करें अब यहां के कारोबार के रूप में जो रेत का खुला व्यापार भ्रष्टाचार के रूप में बली चढ़ा हुआ है केन नदी स्वयं ही पुकार रही पर जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार अंजान बने हुए है। इस तरह से शिकायतों में भले ही फोकस किया जा रहा हो सीएम हेल्प लाईन, जनसुनवाई को लेकर विभाग प्रमुखों के द्वारा जहां अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करने को लेकर ध्यान दिया जा रहा है वहीं विभागों की प्रगति किस तरह से मानी जाये यह अब स्वयं ही सवालों के घेरे में है। जिले का विकास सकरात्मक सोच के साथ पडोसी जिलों की तुलना में क्या आंकलन किया जायेगा। आखिर हम किस पायदान पर है। यह तो अब सपने में ही साकार करने को लेकर विकास पर गौर करने की जरूरत भले ही प्रकृति ने पन्ना जिले पर उदारता बरती है पर इसे वास्तविकता में किस तरह से विकास की दिशा दी जाये यह आज भी सपना बना हुआ हैं वहीं कृषि की बात करें तो कृषि विभाग में स्वयं ही जमीनी स्थिति किन परिस्थितयो में है किसी से कुछ छिपा नहीं। किसानों को समय पर खाद के लिए किस तरह से जद्दोजहद करनी पड़ती है वह जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों ने देखा। फिर भी सुधार को लेकर क्या तैयारी है यह भी कुछ कह पाना कठिन। आखिर नवाचार की बात करें तो आगे सोचने समझने को लेकर विभाग प्रमुखों को शिकायतों में ही उलझे रहने के हालात बने हुए है कैसे विकास की दिशा तय की जाये। वैसे भी पन्ना जिले का भाग्य जहां वन विभाग व टाईगर रिजर्व की भूमि से भी विकास के अवरूद्ध होने को लेकर भले ही इस जिले में जाना जाये वहीं बड़ी परियोजनाओं को लेकर जहां दूसरे जिले को लाभ मिलना है वह सब जायज हाता है पर पन्ना तो दम तोडने के हालात को लेकर विकास की दिशा में सपनों पर ही विकास आखिर जिम्मेदार कब जागेगें, यह तो वही जाने। उदाहरण को लेकर स्वीकृति सड़क मार्ग भी अवरूद्ध पड़े हुए है, बनने की दरकार में। आखिर नियमों को लेकर कब निराकरण के लिए जिम्मेदारी का निर्वाहन होगा यहा यह भी सपना है जैसे मडला से लेकर हरसा सलैया मार्ग जो मुख्य अजयगढ़ मार्ग को जोड़ता है प्रधानमंत्री सड़क विभाग स्वीकृत हुआ पर आज भी बनने के लिए स्वीकृति एनओसी के लिए भविष्य बनने का देख रहा है। आखिरकार कैसे विकास के सपने होगें साकार कुछ कह पाना कठिन।

## यातायात पुलिस ने वाहनों से हूटर हटाने की कार्यवाही शुरू की

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा निजी वाहनों में हूटर, फ्लैश लाइट (लाल/पीली / नीली बत्ती), वीआईपी स्टीकर एवं अमानक नंबर प्लेट का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आज दिनांक 11 मार्च 2025 को थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा इस विशेष अभियान के तहत अमानक नंबर प्लेट का उपयोग करने वाले 07 वाहनों पर चालानी कार्यवाही के साथ 02 वाहनों के मौके पर ही हूटर निकलवाकर संबंधित धाराओं में चालानी कार्यवाही की गयी। ज्ञात हो कि निजी वाहनों में हूटर के उपयोग एवं अमानक नंबर प्लेट की शिकायत हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा मोबाइल नंबर 7587647905 जारी किया गया है जिससे उक्त अभियान में आम नागरिक की सहभागिता ली जा सके। संचालित अभियान के दौरान वाहन चालकों को ब्रीथ एनालाईजर मशीन द्वारा चेक किया, जिसमें 02 ट्रक चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाये गये जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 27 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर सोलह हजार छह सौ रुपए का समन शुल्क वसूला गया।

### मादक पदार्थ कोडिस्टार कफ सीरप का अवैध विक्रय करने वाले आरोपियों को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 100,000-100,000 रूपए का जुर्माना

**पन्ना।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 02.10.2021 को उपनिरीक्षक राकेश तिवारी ने थाना रैपुरा में इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख किया कि दिनांक-02.10.2021 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी थी कि दो लड़के दमोह रोड रैपुरा तरफ अबैध कोडिस्टार कफ सीरप नशीली दवा लिए हुए आ रहे थे, उक्त सूचना की तस्दीक हेतु हमराह बल के तलब शुदा गवाहान के दमोह रैपुरा रोड पेट्रोल पंप के आगे पहुंचकर तस्दीक कर दो लड़के आते दिखे जिन्हें घेराबंदी कर रोका नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम अर्पित पिता स्व0 अरविन्द उम्र-23 साल निवासी करिया पाथर मोहल्ला रीठी एवं असलम खान पिता मुस्ताक खान उम्र-20 वर्ष निवासी सिघईया मस्जिद के पास रीठी के होना बताया। संदेहियों के हाथ में लिए हुए थैला को चौक करने पर पृथक पृथक काले रंग की पॉलीथिन में कोडीस्टार कफ सीरप की 30-30 सीसी प्रत्येक सीसी में 100 एम.एल. सीरप भरा है, सभी सीरप की सीसी सीलबंद है, अर्पित के पास 400 रूपये एवं असलम के पास 450 रूपये दोनों के पृथक पृथक तलाशी पंचनामा तैयार किये गये। दोनों संदेहियों से उक्त कफ सीरप बेचने एवं रखने परिवहन करने का लायसेंस पूछा गया जो न होना बताया।

## मऊगंज में अबैध सिलेंडर का कारोबार जोरो पर, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान



### होटलों में कामर्शियल सिलेंडर का नहीं हो रहा उपयोग

**मऊगंज।** जिला बनने के बाद लगातार व्यापारो में बढ़ोतरी हो रही है ठीक इसी तेजी से अवैध कारोबार भी तीव्र गति से संचालित हो रहा है मऊगंज क्षेत्र में सैकड़ो होटल संचालित है इन होटलों में घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग किया जा रहा है खाद्य आपूर्ति अधिकारी द्वारा कोई निरीक्षण नहीं किया जाता ज्यादातर अधिकारी मीटिंग बैठक में सम्मिलित होकर अपने दायित्वों की खाना पूर्ति कर लेते हैं अभी तक किसी होटल बारात घरों और रेस्टोरेंटों में कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे पूरे होटलों में घरेलू सिलेंडरों का उपयोग निरंतर किया जा रहा है इससे शासन को नुकसान और दूसरी तरफ ग्रामीण अंचलों में घरेलू सिलेंडर की खेप नहीं पहुंच रही

### सिर्फ 100 कमर्शियल सिलेंडर का रजिस्ट्रेशन

मऊगंज गैस वितरण एजेंसी में लगभग 100 कमर्शियल सिलेंडर का रजिस्ट्रेशन है जबकि मऊगंज शहर में होटल रेस्टोरेंट बारात घर मिलाकर लगभग 100 ऐसे प्रतिष्ठान है जहां रोजाना सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है उस हिसाब से महीने में 100 सिलेंडर की खपत मानी जा सकती है किंतु अनुमानित 100 में से 50 ऐसे होटल है जहां रोजाना एक सिलेंडर का प्रयोग हर हाल में हो रहा है यानी एक महीने में 50 कमर्शियल सिलेंडर की खपत मानी जा सकती है किंतु इन 50 होटलों में रोजाना एक सिलेंडर की खपत मान ली जाए तो महीने के हिसाब से 1500 सिलेंडर की खपत हो रही हैं कुछ ऐसे होटल हैं जहां रोजाना 01 से 02 सिलेंडर की खपत है किंतु गैस वितरण एजेंसी में सिर्फ 100 सिलेंडर के रजिस्ट्रेशन है ऐसे में माना जा सकता है कि होटलों में कौन से सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है

### ब्लैक रेट में सिलेंडर

शहर में जिस तरीके के होटल और रेस्टोरेंट सहित बारात घरों में सिलेंडरों की अनुमानित खपत मानी जा रही है उस हिसाब से कमर्शियल सिलेंडर का रजिस्ट्रेशन नहीं है अर्थात कमर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर की बिक्री हो रही है और होटल भी संचालित है इस स्थिति में गैस संचालक और फ़ूड अधिकारी की सहमति से ब्लैक तरीके से महंगे रेट पर लेकर होटल मालिक घरेलू सिलेंडर का उपयोग होटलों में कर रहे हैं इस स्थिति में गैस मालिक और फूड अधिकारी की अतिरिक्त कमाई का जरिया बना है ग्रामीण अंचलों तक घरेलू सिलेंडर की पहुंच नहीं हो पा रही।

# अवैध उत्खनन से उजड़ रहे जंगल और नर्सरी के कीमती पौधे

### वन एवं वन विकास निगम तथा प्रशासनिक अनदेखी से नष्ट हो रही वन संपदा

**मऊगंज।** जिले के पहाड़ी क्षेत्र हनुमना जड़कुड़ पिपराही वहेराडावर शिवराजपुर शंकरपुर से लेकर सोहागी तक जाता है। इसका क्षेत्रफल कई हजार स्क्वायर किलोमीटर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कभी यह जंगली क्षेत्र विशाल रूप में फैला हुआ था परंतु गुजरते समय एवं बढ़ती जनसंख्या व मानव की आवश्यकता है ऐसी बढ़ती गई कि लगभग आधे से अधिक जंगली क्षेत्र का सफाया हो चुका है मानवीय अतिक्रमण रुकने का नाम नहीं ले रहा है जंगल माफिया द्वारा चोरी छिपे अवैध कटाई एवं जंगली जानवरों का शिकार तो कोई नई बात नहीं है यह सब प्रशासन की आंखों तले हो रहा है इन क्षेत्रों में लगभग रोज गस्त का प्रावधान है ऐसी स्थिति में अवैध कार्य का संचालन लोगों को निराश कर रहा है।

### क्षेत्र में बढ़ा अवैध उत्खनन

इन जंगली क्षेत्र में अवैध उत्खनन इतना अधिक किया गया कि लगभग पहाड़ से कोई भी पत्थर शेष नहीं बचे प्रशासन का यद्यपि कहना है कि अब अबैध उत्खनन बंद है परंतु जंगलों की कटाई पर कोई रोक समझ में नहीं आ रहा वन विभाग द्वारा कितनी ही नर्सरियां नहीं लगाई गई सूचना के अधिकार के माध्यम से यदि जानकारी निकल जाए तो पता चलेगा कि कागजों में करोड़ों रुपए के नर्सरी प्रोजेक्ट एवं हरियाली प्रोजेक्ट लगाए गए होंगे परंतु धरातल पर यह सब सुन्य के बराबर है क्षेत्र में अवैध कब्जा करने के कारण नर्सरी में पत्थर तथा नर्सरी उजाड़ देने के कारण पशु बाहरी कृषि क्षेत्र में आ जाते हैं अन्यथा यदि नर्सरी एवं सुरक्षित जंगल होते तो भला आवारा पशु या जंगली जानवर क्या करने गांव में आएंगे। आलम तो यह है कि अवैध उत्खनन एवं जंगलों की कटाई से जंगली जानवर भी अब सुरक्षित नहीं है।



### काटी जा रही वेशकीमती लकड़ी

इन जंगल क्षेत्र में मुख्य रूप से जो लड़कियां काटी जा रही है वह हरे पौधे होते हैं इसे बहुयात में सेंधा महुआ एवं तेदू कहुआ पलास जैसे बेस कीमती जलो इमरती एवं औषधीय पौधे शामिल है। जंगल की कटाई अनवरत जारी होने के कारण जंगली क्षेत्र धीरे-धीरे सिकुड़ता जा रहा है। वैसे तो वन की सुरक्षा हेतु पर्याप्त मात्रा में कर्मचारी लगाए गए हैं लेकिन सुरक्षा की अनदेखी के कारण आज भी जंगल के पौधे धीरे-धीरे गायब होते नजर आ रहे हैं।

### बीट में गड़बड़ी का आरोप

पहले भी क्षेत्रीय वन अधिकारी जैसे की रेंजर डिप्टी रेंजरों एवं चौकीदारों को समय-समय पर सूचित किया जाता रहा परंतु यहां पर कुछ ऐसे प्रकरण आ रहे जिससे लग रहा है की बाड़ी ही खेत का रही है अन्यथा कैसे संभव है कि जिस क्षेत्र में पूरा वन हमला सुरक्षा के लिए हो वहीं पर वनों का सफाया हो रहा है और जंगली पशुओं को नुकसान पहुंचाया जा रहा है यदि वनों की अवैध कटाई अवैध उत्खनन एवं जंगली पशुओं के संरक्षण विषय पर कोई सार्थक एवं दूरगामी पहल करनी है तब जनता को जागरूक होना पड़ेगा दुर्भाग्य से कमजोरी जनता की है क्योंकि जानकारी होने पर भी ,जनता प्रशासन को बताती नहीं है यदि यह क्या दो बार जानकारी पहुंचाई भी गई तो वन विभाग कोई सार्थक पहल नहीं करता इसका कारण तो एक यह भी हो सकता है कि वन विभाग के कर्मचारी भी जंगल को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से मिलकर के या फिर समर्थ व्यक्तियों से दबाव बस कुछ ना कुछ कर पा रहे हो दुर्भाग्य बस या सब जानकारी भी उच्च अधिकारियों तक भी नहीं पहुंच पाती। अतः सुधार के लिए सभी पक्षों को सहयोगात्मक एवं जिम्मेदारी पूर्ण कार्य करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### होली पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पार्थ जैसवाल ने 14 मार्च 2025 को होली त्यौहार (धुलेंडी) पर (जिस दिन रंग खेला जाए) शांति, सुरक्षा तथा लोकहित को ध्यान में रखते हुये म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24(1) के तहत जिला छतरपुर में शाम 4 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में छतरपुर जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, देशी एवं विदेशी मदिरा मद्य भाण्डागार तथा लायसेंस, डी. 1, सी.एस. 1 बी, बी 3, एफ.एल. 9. एफ.सी.एल. 1. एफ.एल 3 (क), एफ.एल. 2. वाईन आउटलेट दुकानें बंद रहेंगी। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### अधिकारी शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरणः कलेक्टर



**छतरपुर।** मंगलवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त 94 आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतें और प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर ने दिव्यांगों की सुनवाई अलग से की। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

आधार केन्द्र संचालन के एवज में मांगी थी रिश्वत, लोकायुक्त ने पकड़ा

# 5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया होमगार्ड



**छतरपुर।** मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे छतरपुर के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा कार्यालय में सागर लोकायुक्त की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए कार्यालय के एक हवलदार को 5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया। हवलदार द्वारा कार्यालय परिसर में संचालित शासकीय आधार सेवा केन्द्र के संचालक से किराए के रूप में रिश्वत मांगी गई थी, जिसकी शिकायत संचालक ने सागर लोकायुक्त कार्यालय में कर दी और इसके बाद टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।



शिकायकर्ता मनीष तिवारी निवासी पन्ना नाका छतरपुर ने बताया कि वह छतरपुर के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा कार्यालय में पिछले 2 वर्षों से शासकीय आधार केन्द्र का संचालन कर रहे हैं और शुरुआत से ही कार्यालय में पदस्थ हवलदार सुरेंद्र राय, किराए के रूप में उससे पैसे लेते आ रहे हैं। चूंकि पहले यह राशि कम थी इसलिए मनीष द्वारा पैसे दिए जाते रहे लेकिन अब सुरेन्द्र राय की मांग बढ़ती जा रही थी, जिससे तंग आकर मनीष ने सागर लोकायुक्त कार्यालय में उनकी शिकायत कर दी। मनीष के मुताबिक सुरेन्द्र राय ने उससे कुल 6 हजार रुपए की मांग की थी, जिसमें से 1 हजार रुपए वह 4 फरवरी को दे चुका था। शेष 5 हजार रुपए दिए जाने के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया है। सागर लोकायुक्त के टीआई अभिषेक वर्मा और केपीएस बेन के नेतृत्व में 9 सदस्यीय टीम ने होमगार्ड कार्यालय में छापामार कार्रवाई करते हुए हवलदार सुरेन्द्र राय को 5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। टीआई अभिषेक वर्मा ने बताया कि हवलदार सुरेन्द्र राय के विरुद्ध धारा 7 के तहत विधि अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

## होली महोत्सव का हुआ आगाज, भगवान को गोद मे लेकर नाचे भक्त



**हरपालपुर।** होली पर्व के तहत क्षेत्र में कार्यक्रमों का आगाज होने लगा है। नगर के गोपाल मंदिर में एकादशी से राधा भक्त मंडली का होली महोत्सव शुरु किया गया, जिसमें बीती शाम फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों ने राधा-कृष्ण के स्वरूपों को गोद में उठाकर नृत्य किया। राधा-कृष्ण की सुंदर झांकियों की पूजा-अर्चना के बाद महिलाओ ने पुष्प वर्षा की। वहीं स्थानीय कलाकारों ने होली गीत और भजनों की प्रस्तुतियां दीं। उल्लेखनीय है कि उक्त होली महोत्सव के लिए राधा भक्त मंडली द्वार पहले से तैयारियां की गई थीं, संपूर्ण मंदिर परिसर की होली महोत्सव के लिए आकर्षक सजावट की गई है।

### भजन संध्या के नाम रही महाशिवरात्रि महोत्सव की दूसरी शाम



**खजुराहो।** नगर में चल रहे महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत आयोजित किए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दूसरी शाम भजन संध्या के नाम रही, जिसमें जाने-माने भजन गायक खनिज देव चौहान ने अपनी टीम के साथ एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। खनिज की सुरीली आवाज में चलो चलिए बागेश्वर धाम, बागेश्वर गढ़ा के हनुमान आदि भजन सुनकर उपस्थित श्रोता खुद को नृत्य से नहीं रोक सके। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम के दौरान मलखंभ प्रशिक्षण हेतु इन्द्रजीत दीक्षित, व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेश सोनी, खजुराहो वेडिंग के संचालक सौरभ अग्रवाल, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक गौतम, पुलिस-प्रशासन तथा मछुआ समिति के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## जिले में दो दर्जन चोरियां करने वाले 4 अंतर्राज्यीय चोर पकड़े

### पुलिस अधीक्षक ने किया बड़ा खुलासा, लाखों की संपत्ति जप्त

**छतरपुर।** गत फरवरी माह में बमीठा थाना क्षेत्र के 16 और गुलगंज थाना क्षेत्र के 9 स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 4 अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार करने में छतरपुर पुलिस को सफलता मिली है। मंगलवार को जिला मुख्यालय के पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में एसपी अगम जैन द्वारा मामले का खुलासा किया गया। चोरों के पास से पुलिस ने करीब 29 लाख रुपए की संपत्ति जप्त की है, जिसमें चोरी का माल और घटना में प्रयुक्त वाहन चार पहिया वाहन शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि फरवरी माह में बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम घूरा, पीरा, हरपुरा, सीलौन, ओंटा पुरवा सहित 16 और गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बंधा सहित 9 स्थानों पर चोरियां हुई थीं। बड़े स्तर पर हुई इन चोरियों को अंजाम देने वाले चोरों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित कर विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसने विवेचना करते हुए सबूत जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। विवेचना के दौरान पुलिस को कुछ संदेहियों के बारे में जानकारी मिली, जिन्हें अलग-अलग स्थानों से अभिरक्षा में लिया गया। पकड़े गए संदेहियों से पूछताछ किए जाने पर उन्होंने सभी चोरियों को अंजाम देने का अपराध स्वीकार कर लिया।





पकड़े गए चोरों के नाम इमरान नट पुत्र सुबेदार निवासी कबरई जिला महोबा उत्तरप्रदेश, अंकित पुत्र रोहित सिंह निवासी आलमपुरा जिला महोबा उत्तर प्रदेश, रियाज खान पिता मोहम्मद कदीर निवासी समद नगर महोबा उत्तर प्रदेश और पप्पू पुत्र भागीरथ कुशवाहा निवासी बक्सवाहा जिला छतरपुर हैं, जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी कालीचरण कुशवाहा निवासी महोबा की अभी तलाश की जा रही है। एसपी ने बताया कि इमरान नट आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध संपत्ति संबंधी आधा दर्जन से अधिक अपराध पहले से दर्ज हैं।

पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने करीब 9 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण (करीब 5 किलो चांदी और 47 ग्राम सोना) जप्त किए हैं, जो कि चोरी के हैं। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त होंडा सिटी कार, स्विफ्ट डिजायर कार, आई फोन सहित चार मोबाइल भी जप्त किए गए हैं। पूरी संपत्ति की अनुमानित कीमत 29 लाख रुपए है।

### बाईक चोर गिरोह के 4 सदस्य पकड़े, एक दर्जन बाईक जप्त

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि जिले के खजुराहो, राजनगर, सटई और गौरिहार थाना क्षेत्र में सक्रिय बाईक चोर गिरोह के 4 सदस्यों को भी पुलिस टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। श्री जैन ने बताया कि जिन चोरों को पकड़ा गया है उनके नाम राज सिंह बुंदेला, सफीक शेख, बाबादीन माहेश्वरी और बंटू कुमार साहू हैं। उक्त सभी चोर खजुराहो, राजनगर और सटई क्षेत्र से बाईक चोरी कर रहे थे। उनकी निशानदेही पर चोरी की 11 बाईक भी जप्त की गई हैं। गौरिहार थाना क्षेत्र में बाईक चोरी करने वाला आरोपी अभी पकड़ में नहीं आया है लेकिन उसके द्वारा चोरी की गई एक बाईक पुलिस के हाथ लगी है। फरार चोर की तलाश लगातार जारी है, उसे भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## जमीन ले ली लेकिन मुआवजा नहीं दिया

### मुआवजे के लिए भटक रहे ग्रामीणों ने कलेक्टर को सुनाई फरियाद

**छतरपुर।** झांसी-खजुराहो फोरलेन निर्माण के दौरान अधिग्रहीत की गई किसानों की सिंचित जमीन का कुछ लोगों को आज तक मुआवजा नहीं मिला है, जिस कारण से वे परेशान हैं। ताजा मामला जिले के नौगांव तहसील क्षेत्र के ग्राम नैगुवां से सामने आया है, जहां के कुछ किसानों ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। नैगुवां निवासी अनंतराम अहिरवार ने बताया कि झांसी-खजुराहो फोरलेन निर्माण के दौरान उनकी सिंचित जमीन, कुंआ, बगीचे आदि का अधिग्रहण किया गया था लेकिन उन्हें आज तक मुआवजा नहीं मिल



सका है। मुआवजे के लिए वे कई बार नौगांव तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों को आवेदन देकर मांग कर चुके हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। नैगुवां की ही रहने वाली लाड़कुंवर ने बताया कि उसके पति का निधन हो चुका है, घर में कमाने वाला कोई नहीं है। जमीन का मुआवजा न मिलने से उसकी आर्थिक स्थिति खराब है। कई बार अधिकारियों को आवेदन दिए लेकिन मुआवजा नहीं मिला।

# वेब सीरीज दुपहिया में छतरपुर के प्रांजल ने बिखेरा जलवा

### लापता लेडीज में भी मनवा चुके हैं अपनी कला का लोहा



**छतरपुर।** कला और कलाकार दोनों ही एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। कोई कुदरती प्रतिभाशाली होता है और कोई अपनी दम पर लगातार प्रयास करते हुए मेहनत कर प्रतिभाशाली बनता है। ऐसी की कहानी छतरपुर शहर के प्रांजल पटेरिया की है। जो अपनी पहचान कला और अपने चंचल सरल स्वभाव की दम पर बड़े पर्दे पर सुमार कर चुके है। जो समूचे बुंदेलखण्ड के लिए गर्व की बात है।

हाल ही में सोनम नायर के निर्देशन में बनी दुपहिया वेब सीरीज जो ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम पर 7 मार्च को रिलीज हुई है। जिसमें 9 एपिसोड हैं जो आधारित है एक सामान्य परिवार जिसको अपनी छोटी-छोटी चीजों से बहुत लगाव रहता है जब वह गुम हो जाती है तो उस परिवार के लिए कितना मुश्किल होता है। जिसमे खुशी और दुःख सारे भाव है। जो कहीं न कहीं हमें जीवन के अहम हिस्सों से जोड़ती है। फिल्म के राइटर और क्रियेटर अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग हैं। इसके पहले किरण राव के निर्देशन में बनी लापता लेडीज फिल्म में अपनी कला का लोहा मनवा चुके है। जिससे प्रांजल अपनी कला की दम पर पहचान स्थापित करने में सफल रहे। इस फिल्म को भारत की तरफ से ऑस्कर अवार्ड के लिए नोमिनेट किया गया था। प्रांजल ने दुपहिया वेब सीरीज में पिंटू भैया के किरदार में नजर आए है। जिसकी एक्टिंग को खूब भा रही है। इस फिल्म की अधिकतर सूटिंग ओरछा और मुंबई में हुई है। जिसमें एक रोल बेतवा नही पर बने पुराने पुल पर भी फिल्माया गया है। प्रांजल ने बताया कि पिंटू कहानी में एक नया आयाम जोड़ता है। यह किरदार 5 वे एपिसोड में आता है जो पूरा एक सरप्राइजिंग की तरह होता है। उन्होंने बताया कि समय के साथ साथ किरदार, कहानी और अभिनय में जो ग्रोथ काम में दिखाई देती है इससे पता चलता है कि हमें कितनी सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कई प्रोजेक्ट आने वाले हैं और कई पर शूटिंग चल रही है।

### जल्द इन वेब सीरीज और फिल्मों में आयेंगे नजर

जिसमें सिविल लाइंस, नौसिखिए, बहरूपिया, टपक, मिट्टी, हिट 03 (साउथ की तेलगु फिल्म, 10 दिन का अनशन शामिल है। प्रांजल ने बताया कि उन्होंने अपनी शुरुआत 2013 से शिवेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में रंगमंच से की थी। इसके बाद राजामानसिंह संगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर से रंगमंच में स्नातक की थी।

## बैंक कर्मचारी ने शेयर बाजार में लगा दिए ग्राहक के पैसे

### कलेक्टर को फरियाद सुनाने पहुंची परेशान महिला



**छतरपुर।** मंगलवार को जनसुनवाई में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल कलेक्टर को फरियाद सुनाने पहुंची परेशान महिला का आरोप है कि बैंक ऑफ बड़ौदा की महल शाखा के एक कर्मचारी ने उसका पैसा शेयर बाजार में लगा दिया है, जबकि उसने उक्त राशि फिक्स डिपॉजिट करने के लिए कर्मचारी को दी थी।

आवेदक राधा रैकवार निवासी किशोर सागर मोहल्ला छतरपुर ने बताया कि उसके पति राजू रैकवार की तालाब में डूबने से मौत हुई थी, जिसके बाद उसे शासन से 4 लाख रुपए की सहायता राशि मिली थी। राधा के मुताबिक उक्त राशि, एफडी कराने के लिए उसने छतरपुर के बैंक ऑफ बड़ौदा की महल शाखा में पदस्थ कर्मचारी सौरभ गुप्ता को दी थी, लेकिन सौरभ गुप्ता ने एफडी करने की बजाय उसके पैसे शेयर मार्केट में लगा दिए। 5 मार्च को जब राधा के खाते से 51 हजार रुपए कटे तो उसने बैंक जाकर जानकारी ली और तब उसे पूरा मामला समझ में आया। राधा ने बताया कि उसने सौरभ गुप्ता से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उसका फोन बंद है। राधा ने कलेक्टर को पूरा मामला बताकर उसके पैसे वापिस दिलाने की मांग की थी।

## पहली पत्नी और बेटियों के साथ अन्याय कर रहा शिक्षक पिता

### कलेक्टर के पास पहुंची बेटी ने लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में चल रही जनसुनवाई के दौरान एक शासकीय शिक्षक द्वारा अपनी पहली पत्नी और बेटियों के साथ अन्याय किए जाने का मामला सामने आया है। अलीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जोरन गांव की किशोरी ने आवेदन देते हुए बताया कि उसके शिक्षक पिता ने दूसरा विवाह कर लिया है और अब उसके विवाह में सहयोग करने से इंकार रहे हैं। जोरन निवासी क्रांति यादव ने बताया कि उसके पिता हरदयाल यादव पेशे से शासकीय शिक्षक हैं और प्राथमिक शाला देवथा में पदस्थ हैं। कई वर्ष पूर्व हरदयाल ने हरपालपुर निवासी महिला से दूसरा विवाह कर लिया था और वर्तमान में उसी के साथ रहते हैं। क्रांति के मुताबिक वह दो बहनें हैं और अपनी मां के साथ जोरन गांव में रहती हैं। हाल ही में उसका विवाह तय हुआ है लेकिन पिता हरदयाल यादव विवाह का खर्च उठाने से इंकार कर रहे हैं। कलेक्टर को आवेदन देकर क्रांति ने पिता से विवाह का खर्च दिलाने की मांग की है।



### ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छतरपुर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने समक्ष में ई.व्ही.एम. मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत गोदाम को खुलवाकर निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीव्ही कैमरों की लगातार हो रही रिकॉर्डिंग को चेक किया। इस दौरान सभी कैमरे चालू अवस्था में पाए गए और सुरक्षा गाड्‌र्स भी मुस्तैद मिले। इस आशय की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई। इस दौरान निरीक्षण के संधारित रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रति माह ई.व्ही.एम के बंद गोदाम एवं तीन माह में गोदाम को खोलकर चेक किया जाता है।

## आशी राजा की संपत्ति का पता लगा रही पुलिस

### खंगाले जा रहे बैंक खाते, सोनू ठाकुर से चल रही पूछताछ

**छतरपुर।** टीआई अरविंद कुजूर मामले में पुलिस की विवेचना लगातार जारी है। बीते रोज प्रकरण की प्रमुख संदेही आशी राजा और उसके सहयोगी सोनू ठाकुर को पुलिस ने पकड़ा था। दोनों से पूछताछ किए जाने के साथ-साथ पुलिस ने आशी राजा की संपत्ति का पता लगाना भी शुरु कर कर दिया है। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि आशी राजा, सोनू ठाकुर सहित अन्य लोगों से पूछताछ के दौरान जो-जो





तथ्य सामने आ रहे हैं सभी को विवेचना में लिया जा रहा है। आशी राजा के बैंक खातों के स्टेटमेंट और उसके पास मौजूद संपत्ति की भी जांच की जा रही है। सीएसपी के मुताबिक टीआई श्री कुजूर को ब्लैकमेल कर जो भी संपत्ति हासिल की गई थी, उसका भी पता लगाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री डॉ यादव अल्प प्रवास पर पहुंचे रीवा

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सतना में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए वायुयान द्वारा भोपाल से दोपहर बाद रीवा हवाई अड्डा पहुंचे जहाँ जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री जी के साथ कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा एवं प्रभारी मध्यप्रदेश महेन्द्र सिंह भी रीवा पहुंचे। रीवा से मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर द्वारा सतना के लिए रवाना हुए। रीवा हवाई अड्डे में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### फरार आरोपी पर 20 हजार का ईनाम घोषित

**रीवा।** थाना सोहागी में दर्ज आपराधिक प्रकरण में आरोपी बृजेन्द्र केवट आयु 35 वर्ष घटना दिनांक से फरार है। इसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। इसे निरस्त करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक साकेत प्रकाश पाण्डेय ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 20 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है। फरार आरोपी को गिरफ्तार कराने अथवा गिरफ्तारी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को ईनाम की राशि दी जाएगी। ईनाम की घोषणा पुलिस रेग्युलेशन एक्ट के तहत की गई है। इस संबंध में पुलिस उप महानिरीक्षक का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

### कांग्रेस नेता पर चाकू से हमला, आरोपित फरार

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरिया स्थित चाय की दुकान के पास कांग्रेस नेता पर चाकू से हमला करने की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि कांग्रेस नेता आफताब अहमद पर सोमवार सुबह चाकू से हमला किया गया। हमला करने के बाद हमलवार मौक़े से फरार हो गया। कांग्रेस नेता को हमले में गर्दन सहित कई जगह गहरे घाव हैं। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में खलबली मची हुई हैं। घायल कांग्रेस नेता को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया है। जहाँ पर उनका इलाज जारी हैं। घटना की जानकारी लगने पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मिथलेश जैन अपनी पत्नी एवं साथियों सहित जिला अस्पताल पहुंचें और चोखे भाईजान का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने शहर में कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाया और कहाँ कि पूरे जिले और शहर में कानून व्यवस्था ठप्प है। अपराधियों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। बताया जाता है कि जितेंद्र वंशकार नामक युवक ने नेता पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

### डाला की टीम ने पाली को 80 रन से दी शिकस्त

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम डाला (बरहा टोला ) में चल रही स्वर्गीय ओमकार धुर्वे सशक्त बल की पुण्य स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला पाली और डाला के बीच खेला गाया। डाला की टीम ने 16 ओवर में 150 रन बनाए । जवाब में पाली की टीम ने सभी विकेट पर 70 रन ही बना सकी। डाला की टीम ने 80 रन से मैच जीत लिया विजेता टीम को 12000 नगद और शील्ड और उपविजेता को 6000 रुपया नगद और शील्ड का पुरुस्कार मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी , कुशाल धुर्वे ,दुर्गा धुर्वे ने प्रदान किया।

हमारे मन में जैसे विचार होंगे वैसे ही मष्तिष्क को ऊर्जा मिलेगी : बीके सूरज भाई

# आर्थिक विकास को धर्म और आध्यात्म के संस्कार ही सार्थक बनाएंगे : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में संकल्प शक्ति एवं तनाव मुक्त प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विचारक एवं प्रेरक वक्ता बीके सूरज भाई ने वर्चुअल माध्यम से संभाग के सभी अधिकारियों को प्रेरक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा लोगों को मानसिक रूप से सुदृढ़ करने तथा नशामुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। रीवा संभाग के सभी अधिकारियों को आज प्रेरक मार्गदर्शन देकर आपने बहुत अच्छा कार्य किया है। आपके मुख्यालय माउंट आबू में ध्यान केन्द्र में चेतना की अनूठी अनुभूति होती है। देश तेजी से विकास करके आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। आर्थिक विकास को धर्म और आध्यात्म के संस्कार ही सार्थक बनाएंगे। आमजनता को धर्म, आध्यात्म और मानवीय संवेदना से जोड़कर ब्राम्हकुमारी विश्वविद्यालय बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। अधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए बीके सूरज भाई ने कहा कि हमारे अंदर मन और बुद्धि दो महत्वपूर्ण शक्तियाँ हैं। अंतर्मन की शक्ति को जागृत करके हम शत्रु को मित्र बना सकते हैं और जीवन की कठिनाईयों को हल कर सकते हैं। मनोबल सशक्त होने पर हमारा परिवार भी सुखी होगा। मन और बुद्धि पर नियंत्रण के साथ ही हमारा चित्त शांत हो जाएगा। शांत चित्त से हम सही निर्णय करेंगे। पूरी दुनिया में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। हमें अपने मन को इस परिवर्तन को स्वीकार करने के लिए तैयार करना है। हम प्रायः उन परिस्थितियों को लेकर परेशान हो जाते हैं जिन पर हमारा कोई वश नहीं होता है। परिस्थितियों से समन्वय बनाने और उसके अनुकूल कार्य करने की क्षमता का विकास करना



चाहिए। हम तनाव और क्रोध में जब निर्णय करेंगे तो वह सही नहीं होगा। मन में नकारात्मक भाव हैं अथवा अशांति है तो निर्णय को कुछ देर के लिए टाल देना चाहिए। मन जब शांत होगा तब हमेशा निर्णय सही होगा।

हमारे चारों ओर सकारात्मक और नकारात्मक विचार हैं। हम सदैव यह सोचें कि हम सर्वशक्तिमान ईश्वर की गुणी और संस्कारवान संतान हैं। हमारे पास बड़े से बड़ा कार्य करने की क्षमता है। हम जब सकारात्मक विचार करते हैं तो मष्तिष्क को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और शरीर तथा मन को प्रसन्नता का अनुभव होता है। इसी तरह नकारात्मक विचार से मन और शरीर दोनों को हानि होती है। यदि हम बीमार हुए और यह मानकर कि बीमारी आई है तो चली भी जाएगी सकारात्मक भाव से दवा लेते हैं तो उसका दुगना असर होता है, लेकिन कितनी भी अच्छी दवा हो हम दुखी मन से सेवन करेंगे तो वह आधा ही असर करेगी। हमारी परिस्थितियाँ सुख और दुख का अनुभव हमारे विचारों पर ही आधारित हैं। सुबह जल्दी उठकर सबसे पहले अपने आप को जागृत करें। हम ईश्वर की सर्वशक्तिमान संतान हैं। हमारा जीवन सुखी होगा। हमारी हर कठिनाई दूर होगी। इन विचारों का कुछ देर तक मनन करें। स्वयं को भाग्यवान मानें। जिस तरह शरीर को ऊर्जा देने के लिए नाश्ता और भोजन किया जाता है उसी तरह मन को भी ऊर्जा देने के लिए सकारात्मक विचार दें। सुबह उठने के बाद एक से डेढ़ घंटे तक मोबाइल और अखबार से दूर रहें। हमारे विश्वविद्यालय में संकल्प शक्ति से रोगों के उपचार का सफल प्रयोग किया गया है। तनाव, अवसाद और एंजायटी जैसी मानसिक समस्याएं दवाओं से हल नहीं हो सकती हैं। इनका सही हल केवल आध्यात्मिक शक्ति से ही संभव है। मन में सदैव अच्छे विचार रखें। अपने बच्चों को भी यह विश्वास दिलाएं कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। जिस समस्या का हम समाधान नहीं कर पा रहे उसे लिख कर शिव बाबा को समर्पित कर दें। अपने मन को उससे मुक्त कर लें। शिव बाबा समस्या का निदान अवश्य करेंगे। हर व्यक्ति मन के विचारों को दो भागों में बांटकर रखे। नौकरी या अन्य कार्य करते हुए कर्मक्षेत्र में उसको जिन स्थितियों से गुजरना पड़ता है उसका असर घर परिवार पर न पड़ने दें। कार्यक्षेत्र का तनाव घर लेकर न आएं।

कार्यक्रम में ब्राम्हकुमारी संस्था की क्षेत्रीय संचालक बहन बीके निर्मला ने कहा कि आज विन्ध्य क्षेत्र के अधिकारियों ने हम सब से जुड़कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने जो प्रयास किया है वह सराहनीय है। इसके लिए रीवा संभाग के कमिश्नर बधाई के पात्र हैं। हमारी संस्था में आकर और माउंट आबू जाकर भी कोई भी व्यक्ति दो-तीन दिनों की अवधि का राजयोग का प्रशिक्षण ले सकता है। कार्यक्रम में कमिश्नर बीएस जामोद ने प्रेरक उद्बोधन देने के लिए बीके सूरज भाई तथा ब्राम्हकुमारी संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, संभागीय अधिकारी तथा जिला अधिकारी शामिल हुए।

## एक से अधिक ठेले लगाने वालों पर की जाएगी सामान जब्ती की कार्यवाही

### निगमायुक्त ने किया औचक निरीक्षण



**रीवा।** शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के अभियान में जुटे नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे सोमवार को एकबार फिर साईं मंदिर के सामने अतिक्रमण का हाल देखने पहुंच गये। निगमायुक्त ने शहर में अतिक्रमण को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुये स्वागत भवन, प्रकाश चौराहा से लेकर साईं मंदिर तक औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाथवे में लगी दुकानों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गंगा वाटिका और साईं मंदिर क्षेत्र में अव्यवस्थित रूप से एवं एक से अधिक दुकान लगाने वालों को चिन्हित करते हुये हटाने के सख्त निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि एक ही व्यक्ति द्वारा एक से अधिक दुकान लगाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुये जब्ती की कार्यवाही की जावेगी। इसके अलावा निगमायुक्त ने अतिक्रमण प्रभारी को निर्देशित किया कि विभिन्न क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने और दुकानों को चिन्हित स्थान पर सख्ती से लगवाया जाय। उन्होंने नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही एवं टोइंग वाहन से हटाने के भी निर्देश दिए।

## कक्षा 5वीं एवं 8वीं का मूल्यांकन कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में कटनी विकासखण्ड के कक्षा 5वी एवं कक्षा 8वी की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट)कटनी में 8 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। डाइट कटनी की प्राचार्य श्रीमती मनोरमा डुंगडुंग के निर्देशन में चल रहे उक्त मूल्यांकन कार्य में कक्षा 5वी की कुल 19835 उत्तरपुस्तिकाओं जिसमें हिंदी माध्यम की 14236, अंग्रेजी माध्यम की 5524, उर्दू माध्यम की 75 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो रहा है।

इसी तरह कक्षा 8वी की कुल 31968 उत्तरपुस्तिकाओं जिसमें हिंदी माध्यम की 25644, अंग्रेजी माध्यम की 6324 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो रहा है।उक्त उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए कटनी के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की सेवाएं ली जा रही हैं। मूल्यांकन कार्य के लिए डाइट व्याख्याता आर के सिन्नरकर एवं उमाशंकर सैनी को मूल्यांकन केंद्र सहायक बनाया गया है, जनपद शिक्षा केंद्र के अकादमिक समन्वयक राकेश दुबे, सपना चतुर्वेदी एवं जनशिक्षक अरुण सिंह परिहार, अरुण पटेल, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, तकनीकी सहायक जय चौधरी व चंद्रपाल धाकड़ नियुक्त किए गए हैं।

वर्तमान में 148 शिक्षक मूल्यांकन कार्य में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं 100 और शिक्षकों को विषयवार मूल्यांकन कार्य हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

मूल्यांकन केंद्र प्रभारी एवं डाइट प्राचार्य ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि मूल्यांकन कार्य मे नियुक्त शिक्षकों की सेवाएं मध्यप्रदेश अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्नता निवारण अधिनियम 1979 के प्रावधानों के अंतर्गत अत्यावश्यक सेवाएं घोषित की गई हैं अतः मूल्यांकन कार्य मे अनुपस्थित रहने अथवा लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# लेफ्टिनेंट शांतनु सेंगर के रीवा प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**रीवा।** विंध्य का अपना इतिहास रहा है की यहाँ की माटी वीरों से खाली नहीं है। यहाँ के एक युवा ने अपनी कड़ी मेहनत के बलबूते भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर यह मुकाम हासिल करते हुए विंध्य की माटी को गौरवान्वित किया है। हम बात कर रहे हैं रीवा निवासी 23 वर्षीय शांतनु सेंगर की जो मऊगंज जिले के ग्राम गनिगवां गौरी तहसील हनुमना के पुस्तैनी निवासी हैं। जिनकी स्कूली शिक्षा ज्योति सीनियर सेकेंड्री रीवा एवं बीकाम आनर्स टीआरएस कालेज से हुई। वर्ष 2022 में यूपीएससी सीडीएस की परीक्षा में देशभर में 05 लाख अभ्यर्थियों में से लगभग 150 अभ्यार्थी चयनित हुए, जिसमें 33 वीं रैंक हासिल की। ट्रेनिंग के दौरान जैसामी कंपनी को पासिंग आउट परेड में द्वितीय रैंक प्राप्त हुई है। बाक्सिंग के ट्रेनर भी रहे। शांतनु के बाबा स्वर्गीय रमागोविंद सिंह सेवानिवृत्त अतिरिक्त कलेक्टर रहे। पिता सत्यार्थी फिल्म्स के फाउंडर मेंबर और राष्ट्रीय कवि सत्येन्द्र सेंगर आकाशवाणी रीवा के वरिष्ठ उद्घोषक हैं। माता कवित्री डॉ. सरिता सलिल



शासकीय कन्या महाविद्यालय शहडोल में सहायक प्राध्यापक हैं एवं बहन संवेदना सेंगर मुंबई में वॉइस आर्टिस्ट हैं।

हर्ष का विषय है की विंध्य के इस युवा शांतनु सत्येंद्र सेंगर का चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद के लिए हुआ है। जिसकी ट्रेनिंग पूरी होकर 8 मार्च 2025 को पासिंग परेड में कमीशन अलॉट होने के उपरांत लेफ्टिनेंट शांतनु सेंगर के रूप में विंध्य की धरा अपने गृह क्षेत्र में प्रथम आगमन हुआ है। सबसे पहले प्रयागराज एयरपोर्ट पर उतरने के बाद बोट क्लब काली मंदिर कीटगंज प्रयागराज में युवा एकता परिषद के युवाओं ने पुष्पवर्षा कर अपने युवा साथी का स्वागत किया एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की। जिसमें राहुल द्विवेदी,प्रदीप शुक्ला,शुंदरम् तिवारी,दीपांशु मिश्रा,निक्की पांडेय,शुद्धाशु मिश्रा,आर्यन जयसवाल,अनमोल जयसवाल,हर्ष जयसवाल व अमन द्विवेदी शामिल रहे। तदुपरांत रीवा मऊगंज के समाजिक कार्यकर्ताओं एवं ईस्ट मित्रों द्वारा आजाद ढाबा सोहागी सोहागी में युवा मोर्चा बीजेपी जिला उपाध्यक्ष अजय मिश्रा द्वारा युवा साथियों के साथ स्वागत सत्कार किया गया। इसी कड़ी में पंजाबी ढाबा गढ़ में सामाजिक कार्यकर्ता अतुल द्विवेदी पुत्तू द्वारा युवा टीम के साथ स्वागत कर बधाई दी गई एवं साथ में जलपान किया गया। तत्पश्चात मॉडल स्कूल के सामने चुंगी नाका स्थित निज निवास में पहुंचने के पूर्व श्रीराम दरबार मंदिर में पहुंचकर परिवार के साथ पूजा पाठ किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं देर रात तक निज निवास में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। युवा एकता परिषद के संरक्षक पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने शांतनु की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा की शांतनु सेंगर की इस सफलता से विंध्य गौरवान्वित है। यह सफलता लेफ्टिनेंट शांतनु के परिजनों के साथ साथ संपूर्ण विंध्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। आज के युवाओं के लिए लेफ्टिनेंट शांतनु सेंगर एक ऐसे प्रेरणास्त्रोत हैं जिन्होंने बिना किसी कोचिंग संस्थान के अपनी स्वयं की पढ़ाई से यह मुकाम हासिल किया है।

## जनसुनवाई में विभिन्न विभागों की सुनी गई समस्याएं

**रीवा।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की समस्याएं सुनी गईं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर एवं अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने 61 आवेदकों की सुनवाई की तथा विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान उमरी निवासी प्रभाशंकर तिवारी ने आवागमन हेतु रास्ता दिलाए जाने, नष्टिगवां निवासी रामावतार मिश्रा ने नक्शा तरमीम करने, अजगरहा निवासी शीला देवी ने अवरूद्ध रास्ता खोले जाने तथा पुष्पराज नगर निवासी कुसुम पाण्डेय ने बेजा कब्जा हटाने के आवेदन दिए जिन्हें संबंधित



तहसीलदार को कार्यवाही किए जाने हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार सुरेन्द्र अवधिया बड़ी हर्दी के आवास प्रदाय किए जाने के आवेदन, रीवा से श्रेष्ठा तिवारी के प्रधानमंत्री ई श्रम खाद्य पर्ची के आवेदन को संबंधित जनपद के सीईओ को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। नगर निगम क्षेत्र रीवा अंतर्गत बरा मोहल्ले के निवासियों ने नाली व रोड से अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया जिसे कार्यवाही हेतु नगर निगम को प्रेषित किया गया। शहीद अंसारी महसांव के विद्युत बिल में सुधार के आवेदन को खाद्य अधिकारी को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया। जबकि रकरिया के निवासियों ने शासकीय रास्ता को खोलने तथा बधरी निवासी अमर सिंह ने दर्ज नक्शे के अवरूद्ध रास्ता को आवागमन हेतु प्रारंभ करने के आवेदन दिए जिन्हें संबंधित एसडीएम को प्रेषित कर परीक्षण उपरांत कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक बसंत कुमार सिंह ने स्वत्वों के भुगतान कराने तथा त्योंथर के दिनेश कुमार मिश्रा ने सहकारी बैंक से वेतन उपादान राशि का भुगतान कराने का आवेदन दिया जिसे संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा की सरकार में महिलाओं को सशक्त और समृद्ध बनाने किया कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा कटनी द्वारा बिलहरी के चंडी माता मंदिर परिसर में आत्मनिर्भर एवं समाज को दिशा देने वाली महिलाओं के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया, समारोह के दौरान विभिन्न योजनाओ की लाभार्थी बहनों का शाल एवं माला पहना कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि भाजपा सही मायने में महिलाओं का सम्मान करती है. विपक्षी दल सिर्फ दिखावे के लिए महिला सम्मान की बात करते हैं। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकारों ने करोड़ों महिलाओं के लिए शौचालय बनवाकर उनका सम्मान बढ़ाया है। करोड़ों महिलाओं के खाते खुलवाकर बैंकिंग से जोड़ा है। उज्ज्वला सिलेंडर देकर उन्हें धुएं जैसी तकलिफों से बचाया है। आज करोड़ों लाड़ली बहनें आर्थिक रूप से शासन की योजना योजना का लाभ उठा रही हैं कटनी जिले में नगर परिषद,जनपद, महापौर से लेकर जिला पंचायत तक महिला बहिनें पदाशीन है महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास बीजेपी सरकार द्वारा किया जा रहा है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन सोगानी ने कहा कि यदि समाज को मजबूत बनाना है, तो सबसे पहले महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को लेकर कई योजनाएं चलाई गई हैं, जिनमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, मुद्रा योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया एवं महिला आरक्षण लागू किया, स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर-घर शौचालय निर्माण हर घर नल हर घर जल जैसी अनेकों पहल शामिल हैं।

**जन सहभागिता से ही रीवा रेडक्रास इकाई उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर**

## रेडक्रास सोसायटी की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक संपन्न

**रीवा ।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जन सहभागिता से ही रीवा रेडक्रास इकाई उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। इसके द्वारा सेवा कार्यों के साथ ही अन्य क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्य प्रदेश स्तर पर सराहे गए हैं। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी में सक्रिय सहयोग व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रीवा शहर के लोग सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहते हैं। रेडक्रास सोसायटी में हर क्षेत्र, हर वर्ग के व्यक्तियों को शामिल करने का उद्देश्य है कि इसका व्यापक दायरा हो और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के विचार, दृष्टिकोण व सुझाव मिलें जिससे और भी उल्लेखनीय कार्य किए जा सकें। उन्होंने लोगों से इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की ताकि रीवा रेडक्रास सोसायटी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रमुखता से लिया जाने लगे।बैठक में सोसायटी के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने रेडक्रास में सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सबके समन्वित प्रयासों से ही रेडक्रास इकाई विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। शीघ्र ही रेडक्रास कार्यालय में ब्लड बैंक की स्थापना की जाएगी तथा




मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी होगा। वार्षिक सामान्य सभा में सचिव डॉ विनोद श्रीवास्तव ने गत बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत करते हुए वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन समक्ष में रखा। इस अवसर पर ऑडिटर की नियुक्ति के लिए अनुपम बेरी का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। कोषाध्यक्ष प्रशांत जैन ने आय-व्यय विवरण पत्रक प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि वर्ष 2023-24 से मार्च 2025 तक सोसायटी को एक करोड़ 16 लाख 35 हजार 300 रुपए की आय हुई और व्यय एक करोड़ एक लाख 33 हजार रुपए रहा। वर्ष 2025-26 में संस्था को एक करोड़ 33 लाख 80 हजार 200 रुपए की राशि प्राप्ति का अनुमान है। सामान्य सभा की बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ सज्जन सिंह को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए जाने की सर्व सहमति रही। इस अवसर पर रेडक्रास इकाई को राज्य स्तर पर प्राप्त उत्तम इकाई के प्रथम पुरस्कार के लिए तालियाँ बजाकर बधाई दी गई। सामान्य सभा की बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, वाइस प्रेसिडेंट जयंत खन्ना, सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक के अंत में आभार प्रदर्शन वाइस चेयरमैन एके खान ने किया।